



साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**





वर्ष : 4 | अंक : 12 गोंदिया : गुरुवार, 31 अक्टूबर से 6 नवम्बर 2024 ■ पृष्ठ : 4 ■ मूल्य : रु. 5


## संपादकीय..... दीपावली का संदेश

भारतीय पर्वों की एक विशेषता यह है कि हर पर्व कोई न कोई संदेश लिए आता है। दीपावली का संदेश है असतो मा सद्गमय/असतो मा ज्योतर्गमय अर्थात मुझे असत्य से सत्य की ओर व अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। सत्य से प्रकाशित समाज की संरचना का यह मूल मंत्र है। दीपावली प्रकाश का भारतीय पर्वों की एक विशेषता यह है कि हर पर्व कोई न कोई संदेश लिए आता है। दीपावली का संदेश है असतो मा सद्गमय/असतो मा ज्योतर्गमय अर्थात मुझे असत्य से सत्य की ओर व अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। सत्य से प्रकाशित समाज की संरचना का यह मूल मंत्र है। दीपावली प्रकाश का पर्व है। नई रोशनी की खोज का पर्व है। आत्म निरीक्षण का पर्व है। दीपावली नई शुरुआत का, आगे बढ़ने का, जीवन में जड़ जमाए बैठी नकारात्मक वृत्तियों को छोड़कर ताजगी के साथ आगे बढ़ने का संदेश देती है। दीपावली असल में लक्ष्मी को बंधनमुक्त करने का दिन है। तलाशना होगा कि लक्ष्मी कहां कैद है।

सच्चाई यह है कि त्योहार मनाने के तरीके समय के साथ बदलते रहे हैं। पहले कल्पना में भी यह बात नहीं आती होगी कि बिजली के बल्ब दिवाली की रात में मिट्टी के दीयों की जगह ले लेंगे। समय के साथ उत्सवों की मूल धारणा पीछे छूट गई। दीपावली पर पारिवारिक परिवेश हर्षोल्लास का होता है। पहले त्योहार



सामूहिकता को बढ़ावा देते थे, आज इसकी कोई जरूरत ही नहीं रह गई है। त्योहारों को भी हमने बाजार के हवाले छोड़ दिया है। इन्हें मनाने के लिए जो भी चीजें हमें चाहिए, उन सबको बाजार हमें उपलब्ध करा दे रहा है।

हालांकि धर्म, संस्कार, उत्सव, मेले-ठेले आदि का सकारात्मक आयाम यह है कि वे बाजार को मंदी से निकालते हैं। दिवाली के बाजार केंद्रित होने का पहला असर यह है कि जिसकी जेब ज्यादा भारी है उसकी दिवाली ज्यादा रोशन और जगमग है लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए प्रकाश पर्व फीका ही रह जाता है। देश में कितने ही फीसदी लोग अभावों के कारण दीपावली नहीं मना पाते।

दीपावली हम मनाते थे, नई ऊर्जा ग्रहण करने के लिए, पुरानी इल्लतों से घर को मुक्त करने के लिए, गंदगी और अस्वच्छता से मुक्त होने के लिए, लेकिन अब एकदम उलटा हो रहा है, दीपावली माने भयानक प्रदूषण, शहरों में दिवाली के बाद गली-मुहल्लों में गंदगी का अम्बार लग जाता है। इससे दीपावली के बुनियादी लक्ष्य को क्षति पहुंचती है। इसलिए हमें पटाखों के बगैर दिवाली मनाने के बारे में सोचना चाहिए। दीपावली में निहित सत्य से साक्षात्कार के लिए इस बात को हृदयंगम करना हम सबका लक्ष्य होना चाहिए कि हमें हृदय में प्रकाश करना है, प्रेम के दीपक से। दीपावली पर एक ही आकांक्षा है जिसे सदियों से भारतवासी व्यक्त कर रहे हैं कि समाज में दुख और दरिद्रता का नाश हो।

# लक्ष्मी पूजन के लिए शुभ मुहूर्त

इस वर्ष दिवाली को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई। दरअसल अमावस्या तिथि दो दिन पड़ने के कारण कुछ जगहों पर दीपावली 31 अक्तूबर को मनाने की बात कही जा रही है कुछ जगहों पर 01 नवंबर को। इस वर्ष दिवाली की तारीख को लेकर काफी असमंजस है। ऐसे में दीपोत्सव का पर्व दीपावली कब मनाई जाए 31 अक्तूबर या फिर 01 नवंबर? हिंदू धर्म में दीपावली सबसे प्रमुख त्योहारों में से एक माना गया है। हर कोई व्यक्ति दिवाली का बेसब्री से इंतजार करता हैं। देशभर में दिवाली का पर्व बड़े ही धूम-धाम के साथ मनाया जाता है। दिवाली पर घरों को विशेष रूप से रोशनी और दीयों से सजाया जाता हैऔर अमावस्या की रात को धन, सुख और समृद्धि के देवी माता लक्ष्मी की पूजन-अर्चना होती है। धार्मिक मान्यता है कि दिवाली की रात माता लक्ष्मी पृथ्वी लोक पर आती हैं और जिन घरों में अच्छी साफ-सफाई, सजावट और पूजा-पाठ होता है वहां पर आकर निवास करती हैं। कार्तिक अमावस्या तिथि 31 अक्तूबर को भी और 01 नवंबर को भी है। इस वर्ष दिवाली की तारीख को लेकर मतभेद क्यों? इस वर्ष दिवाली की तिथि को लेकर काफी संशय चल रहा है कि दिवाली कब, कैसे और किस दिन के शुभ मुहूर्त में लक्ष्मी पूजन किया जाय। दिवाली एक पंचदिवसीय त्योहार होता है। धनतेरस से दिवाली का पर्व शुरू हो जाता है और भैया दूज पर समाप्त होता है।




हिंदू पंचांग के अनुसार हर वर्ष दीपावली का त्योहार कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाई जाती है। लेकिन इस बार कार्तिक अमावस्या तिथि दो दिन पड़ने के कारण दिवाली के त्योहार को लेकर कुछ कंफ्यूजन की स्थिति बनी हुई है कि दिवाली 31 अक्तूबर को मनाई जाय या फिर 01 नवंबर को।

दीपावली हिंदू धर्म का एक प्रमुख त्योहार है जिसे दीपोत्सव भी कहा जाता है। यह त्योहार अंधकार पर प्रकाश की विजय का पर्व है। दीपावली पर धन और समृद्धि के देवी महालक्ष्मी का विशेष पूजन करने का विधान होता है। शास्त्रों में दिवाली पर महालक्ष्मी का पूजन अमावस्या तिथि पर प्रदोष काल और स्थिर लग्न में सबसे सर्वोत्तम माना गया है। प्रदोष काल के अलाव महानिशीथ काल में लक्ष्मी पूजन का विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता लक्ष्मी का प्राकट्य अमावस्या तिथि के संध्याकाल में हुआ था इस कारण से दिवाली का पर्व और लक्ष्मी पूजन प्रदोषकाल और रात्रिकाल निशीथ काल में होती है।

वैदिक पंचांग के मुताबिक इस वर्ष कार्तिक माह की अमावस्या तिथि 31 तारीख को दोपहर 3 बजकर 52 मिनट से शुरू हो रही है और यह तिथि 01 नवंबर को शाम 6 बजकर 16 मिनट पर समाप्त हो जाएगी। माता लक्ष्मी अमावस्या तिथि में प्रदोष काल और निशिथ काल में भ्रमण करती हैं इसके कारण माता की पूजा प्रदोष काल और निशीथ काल में करने का विधान होता है। पंचांग के मुताबिक 31 अक्तूबर, गुरुवार के दिन पूरी रात्रि अमावस्या तिथि के साथ प्रदोष काल और निशीथ मूहूर्त काल भी है। ऐसे में शास्त्रों के अनुसार 31 अक्टूबर के दिन दीवाली का पर्व और लक्ष्मी पूजन करना सबसे अधिक फलदाई होगा, क्योंकि दिवाली का पर्व तभी मनाना उत्तम रहता है जब प्रदोष से लेकर निशिथा काल तक अमावस्या तिथि रहे। लेकिन कुछ ज्योतिषाचार्यों और पंडितों का तर्क है कि यदि दिवाली पर सूर्योदय के बाद तीन प्रहर तक कोई तिथि व्याप्त हो तो उदयकाल में तिथि होना माना जाता है और उसी काल में पूजा करना शास्त्र सम्मत है। ऐसे में 01 नवंबर को अमावस्या तीन प्रहर की है और प्रदोष व्यापिनी भी है। इस कारण से कुछ विद्वान दिवाली 01 नवंबर को मनाने की सलाह दे रहे हैं।





































स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिंटिंग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।